# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा — षष्ठम(मॉनसून) सत्र

संख्या-02 — सोमवार, दिनांक-06 सितम्बर, 2021 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 03.04 बजे अप० तक।

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

(इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के अधिकांशतः माननीय सदस्य स्लोगनयुक्त पोस्टर लिये हुए सदन की वेल में आकर नारेबाजी करते हुए सरकार द्वारा लागू की गयी नियोजन नीति को वापस लिये जाने की माँग करने लगे तथा माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा कार्यस्थगन प्रस्ताव को पढ़े जाने की माँग की जाने लगी, इसी क्रम में माननीय सदस्य, श्री दुलू महतो द्वारा कुछ कागजात आसन को दिया गया।)

### 1.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-21

| | | |
|---|---|---|
| (क) उत्तरित कुल-02, | अ० सू०-01, सुश्री अम्बा प्रसाद, | स०वि०स०, |
| | अ० सू०-02, श्री दीपक बिरूवा, | स०वि०स०। |
| (ख) स्थगित मात्र-01, | अ० सू०-03, श्री सरयू राय, | स०वि०स०। |
| (ग) अनागत कुल-18, | अ० सू०-04 से अ०सू०-21 तक। | |

इस क्रम में भारतीय जनता पार्टी के अधिकांशतः माननीय सदस्यों द्वारा सदन की वेल में नारेबाजी की जाती रही जिससे अव्यवस्था का माहौल कायम हो गया जिसे देखते हुए सदन की कार्यवाही 12.45 बजे अप० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

### 2.आसन से सूचना:-

आसन द्वारा सदन को संसूचित किया गया कि वर्त्तमान आहूत सत्र के दौरान सभा भवन स्थित लॉबियों मे सभी माननीय सदस्यों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गयी है जिसमे वे सादर आमंत्रित है।

### 3.शून्यकाल की सूचनायें:-

आज के लिए नियमानुसार प्राप्त शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा हुआ मानते हुए उन्हे सम्बन्धित विभागों मे भेजे जाने का निदेश आसन द्वारा दिया गया।

P.T.O.

## 4.कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनायें:-

माननीय सदस्य, डॉ० लम्बोदर महतो द्वारा राज्य में नियोजन से सम्बन्धी, माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा राज्य मे खाली पदों को भरने तथा माननीय सदस्य, सर्वश्री जयप्रकाश भाई पटेल, भानू प्रताप शाही एवं श्री अनन्त कुमार ओझा द्वारा राज्य मे लागू की गयी नियोजन नीति के सम्बन्ध में दिये गये कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं को आसन द्वारा पढ़ा गया जिन्हें नियमानुकूल नहीं होने के कारण अमान्य कर दिया गया।

(इस अवसर पर पुनः भारतीय जनता पार्टी के अधिकांशतः माननीय सदस्य वेल में आकर नियोजन नीति के विरूद्ध नारेबाजी करने लगे।)

## 5.कार्यमंत्रणा समिति के निर्णयों पर सदन की सहमति:-

दिनांक-03.09.2021 को कार्यमंत्रणा समिति की बैठक मे हुए निम्न निर्णय-

''सोमवार, दिनांक-06 सितम्बर, 2021 को वित्तीय वर्ष-2021-22 के प्रथम अनुपूरक व्यय-विवरणी का उपस्थापन के उपरांत दूसरी पाली में महँगाई एवं उससे उत्पन्न स्थिति पर विशेष वाद-विवाद हो, लिये जावें, शेष कार्य यथावत् रहेंगे'' माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री आलमगीर आलम द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर सभा की सहमति हुई।

## 6.वित्तीय कार्य:-

योजना सह वित्त विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री, डॉ० रामेश्वर उराँव द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद-203 के अनुसरण में वित्तीय वर्ष-2021-22 की प्रथम अनुपूरक व्यय-विवरणी आसन की अनुमति से सभा पटल पर रखी गयी जिसपर कटौती का प्रस्ताव आज दिनांक-06.09.2021 को 4.00 बजे अप० तक दिये जाने की सूचना आसन द्वारा दी गयी।

अन्तराल

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह एवं माननीय सदस्य, श्री सुदेश कुमार महतो ने आज की द्वितीय पाली मे निर्धारित विशेष वाद-विवाद ''महँगाई एवं उससे उत्पन्न स्थिति पर'' की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आपत्ति दर्ज करते हुए सूचित किया कि दिनांक-03.09.2021 को कार्यमंत्रणा समिति की बैठक मे बेरोजगारी पर भी चर्चा हेतु सहमति बनी थी, लेकिन उसका उल्लेख कार्यसूची में नहीं है जिसपर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने इसे माननीय अध्यक्ष एवं सदन नेता के निर्णय की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया। (इस क्रम मे पुनः भारतीय जनता पार्टी के अधिकांशतः माननीय सदस्य सदन की वेल मे आकर नियोजन नीति वापस लिये जाने की माँग को लेकर नारेबाजी करने लगे।)

## 7.विशेष वाद-विवाद:-

आज दिनांक-06.09.2021 की द्वितीय पाली मे निर्धारित विशेष वाद-विवाद ''महँगाई एवं उससे उत्पन्न स्थिति पर'' चर्चा के लिए आसन द्वारा समय आवंटन की घोषणा की गयी। इसके उपरांत आसन की अनुमति से माननीय संसदीय कार्यमंत्री, श्री आलमगीर आलम द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी तत्पश्चात् निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी आसन की अनुमति से भाग लिया-

श्री लोबिन हेम्ब्रम,

(इस क्रम में भारतीय जनता पार्टी के कतिपय माननीय सदस्य कार्यालयीय कुर्सियों पर चढ़कर नारेबाजी करने लगे जिससे नाराज होकर माननीय अध्यक्ष महोदय अपने आसन पर खड़े हो गये और उन सभी माननीय सदस्यों को अपने-अपने स्थान पर बैठने हेतु आग्रह करने लगे। उन्होंने कहा कि आज के लिए विशेष वाद-विवाद हेतु निर्धारित

विषय व्यापक है जिसमें सभी तथ्यों को समाहित किया जा सकता है, परन्तु स्थिति यथावत् बनी रही और प्रतिपक्ष के कोई भी माननीय सदस्य चर्चा में भाग नहीं लिये।)

श्री उमाशंकर अकेला,

श्री प्रदीप यादव,

श्री विनोद कुमार सिंह एवं माननीय मंत्री, डॉ० रामेश्वर उराँव तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक-07.09.2021 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,

दिनांक- 06 सितम्बर, 2021 ई०।

महेन्द्र प्रसाद

सचिव,

झारखण्ड विधान सभा।